## Headline

1. UP Lok Sabha Election Voting: वाराणसी में कई सुरक्षाकर्मियों की बिगड़ी तबीयत, कई जगह चुनाव का बहिष्कार
2. Lok Sabha Election Voting: सातवें चरण में 11 बजे तक 26% वोटिंग, बंगाल-हिमाचल में तेज रफ्तार, बिहार-ओडिशा में सुस्त मतदान
3. Salman Khan: सलमान पर हमला करने की थी साजिश, पाकिस्तान से मंगवा रहे थे हथियार; पकड़े गए लॉरेंस गैंग के सदस्य
4. यूपी: लू लगने से होने वाली मृत्यु पर मिलेगा चार लाख का मुआवजा, मृतक का पोस्टमार्टम कराना होगा जरूरी
5. IndiGo: चेन्नई-मुंबई इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी, विमान की जांच जारी, लैंडिंग के बाद सुरक्षित उतारे गए यात्री


सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 319 | इंदौर, शनिवार 01 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# प्रदेश में 15 से 20 जून तक मानसून की एंट्री

## सबसे पहले इंदौर-जबलपुर संभाग के दक्षिणी हिस्से में मानसून आएगा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। इस बार प्रदेश में मानसून 15 से 20 जून तक एंटर हो सकता है। केरल में मानसून समय से एक दिन पहले ही आ गया है। 31 मई तक अन्य प्रदेशों में भी मानसून एंटर हो गया। सबसे पहले प्रदेश के इंदौर-जबलपुर संभाग के दक्षिणी हिस्से में मानसून आएगा। 20 जून तक भोपाल में मानसून आ सकता है।**

ओले-बारिश और आंधी। मध्यप्रदेश में मई के महीने की शुरुआत कुछ इसी तरह के मौसम से हुई, लेकिन जब सूरज के तेवर तीखे हुए तो सारे रिकॉर्ड भी टूट गए। निवाड़ी का पृथ्वीपुर इतना तपा कि प्रदेश के इतिहास में दर्ज हो गया। 40 साल में पहली बार पृथ्वीपुर में टेम्प्रेचर 48.7 डिग्री पर पहुंचा, जिससे यह प्रदेश के इतिहास का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा। दतिया, रीवा, खजुराहो और सीधी में भी पहली बार टेम्प्रेचर 48 डिग्री के पार पहुंचा।

मई के महीने में भीषण गर्मी पडऩे का ट्रेंड है। अबकी बार भी ऐसा ही हुआ, लेकिन शुरुआती 15 दिन में भी प्रदेश के आधे हिस्से में बारिश, आंधी के साथ ओले भी गिरे। 18 मई से टेम्प्रेचर बढऩे लगा। नौतपा में टेम्प्रेचर ने टॉर्चर करना शुरू कर दिया। शुरुआती 5 दिन में तो प्रदेश जमकर तपा। दैनिक भास्कर ने मई में गर्मी का ऑडिट किया। वहीं, जाना कि जून कैसा रहेगा?

### रिकार्ड स्तर पर पहुंचा तापमान

मई में मध्यप्रदेश जमकर तपा है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर के साथ निवाड़ी का पृथ्वीपुर, दतिया, रीवा, भिंड, राजगढ़, नौगांव, खजुराहो, सीधी आदि शहर भी तापमान बढ़ गया। पृथ्वीपुर में तो पारा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

**क्यों इतनी गर्मी पड़ी**?- इस बारे में सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि ट्रफ लाइन, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर कम होने से गर्मी का असर बढ़ गया। इसके बाद शुष्क वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो गया। इसके बाद पाकिस्तान, राजस्थान होते हुए गर्म हवाएं प्रदेश में आने लगी। इससे टेम्प्रेचर बढ़ गया और तेज गर्मी पड़ी।

### जून में ऐसा रहता है मौसम

पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डाले तो मानसून के एंटर होने से पहले प्रदेश में तेज गर्मी का असर रहता है। सबसे ज्यादा ग्वालियर-चंबल गर्म रहता है, जबकि भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग भी जमकर तपते हैं। जून के आखिरी दिनों में ही टेम्प्रेचर से थोड़ी राहत मिलने लगती है। हालांकि, जून में रात का टेम्प्रेचर 8 से 10 डिग्री तक लुढक़ जाता है। अबकी बार भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है।

# 145 भजन मंडलियों और 101 बैंड दल ने दी लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर को आदरांजलि

## राजवाडा पर लगे देवी अहिल्या के जयघोष, हजारो लोगों ने किया अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवी श्री अहिल्या जन्मोत्सव समिति ने शुक्रवार को लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 299 वी जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। यह जानकारी समिति की मुख्य सरंक्षक एवं पूर्व संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर और सरंक्षक संस्कृति कर्मी जयंत भिसे ने दी।**

सुबह राजवाडा स्थित देवी अहिल्या की प्रतिमा पर संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला,गोलू शुक्ला, सुश्री उषा ठाकुर संस्कृतिकर्मी जयंत भिसे,समिति अध्यक्ष मानवेंद्र त्रिवेदी, सचिव सुनील मतकर और होलकर परिवार के सदस्यों ने अभिषेक के साथ माल्यार्पण किया।

अपने संबोधन में मंत्री लोधी ने कहा कि देवी अहिल्या शिव की परम भक्त थी और प्रजावत्सल थी। विजयवर्गीय ने कहा लोकमाता देवी अहिल्या परोपकारी और कुशल प्रशासिका थी। अपने जीवन काल में उन्होने कई मन्दिर और घाटो का निर्माण किया। महापोर ने कहा लोकमाता अहिल्या बाई प्रात स्मरनीय है और उन्होंने इंदौर का गौरव देश और दुनिया मे बढ़ाया।



सुनील मतकर ने बताया कि इंदौर, मानपुर, देपालपुर, सैंडल आदि स्थानों से आई 145 भजन मंडलियो ने देवी अहिल्या की प्रतिमा की परिक्रमा कर उन्हें आदरंजलि दी। छोटी छोटी बालिकाये देवी अहिल्या के परिधान मे सजधज कर घोड़े पर सवार होकर अहिल्या प्रतिमा पहुँची और शीश झुकाया।

कर्णप्रिय भजनों से देवी अहिल्या का गुणगान किया। साथ ही 101बैंड दल ने संगीतमय धुन बजाते हुए देवी अहिल्या प्रतिमा की परिक्रमा कर अपनी आदरंजलि दी। बैंड दल की यात्रा संजय सेतु से शुरू होकर कृष्णपुरा छत्री होते हुए राजवाडा पहुँची। सभी ने माँ अहिल्या के जयघोष लगाए और माल्यार्पण किया। इस मौके पर हरीश भागवत, प्रदीप गावडे, पंकज उपाध्याय, सीमा पिंगले, पार्षद रुपाली पेंढारकर, कमलेश नाचन, यशवंत धामोरे, अनिता मतकर, गजेंद्र होलकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनो के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मानवेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि शाम को अहिल्या प्रतिमा पर 299 दीपक प्रज्वलित किये गए और उसके बाद महाआरती हुई। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। सचिव सुनील मतकर ने बताया कि इसी के साथ 28 मई से आयोजित देवी श्री अहिल्या के 299 वे जन्मोत्सव का समापन हो गया।

# इंदौर हाईकोर्ट में हुई आइसक्रीम पार्टी

### जज और वकीलों ने उठाया लुत्फ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। इंदौर हाई कोर्ट में शुक्रवार को आइसक्रीम पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें जज और वकीलों ने आइसक्रीम का लुत्फ उठाया। ये अपना आप में अनूठा आयोजन होता है। समर वेकेशन लगने से पहले लास्ट वर्किंग डे पर आइसक्रीम पार्टी आयोजित की जाती है। सालों (63 वर्ष) से ये परंपरा चली आ रही है। उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ अध्यक्ष के जो अध्यक्ष होते हैं वो आइसक्रीम पार्टी देते हैं। दावा तो ये भी है कि मध्यप्रदेश ही नहीं देशभर की हाई कोर्ट में से सिर्फ इंदौर में ये अनूठी आइसक्रीम पार्टी आयोजित की जाती है। उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ अध्यक्ष रितेश इनानी ने बताया कि लगभग 63 वर्षों से आइसक्रीम पार्टी की परंपरा चली आ रही है।

# लोकसभा चुनाव में हुए कामकाज की आज समीक्षा करेगी भाजपा

### समीक्षा बैठक अब इंदौर की बजाय भोपाल में होगी ..

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । लोकसभा चुनाव में हुए कामकाज की भाजपा आज एक जून को समीक्षा करेगी। चुनाव में किसने क्या किया कार्यकतार्ओं की भूमिका को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद बैठक करेंगे। बताया गया है की यह बैठक पहले इंदौर में होने वाली थी, लेकिन गर्मी को देखते हुए पार्टी ने भोपाल में ही बैठक करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी कार्ययोजना बनाकर कार्यकतार्ओं की जिम्मेदारी तय करेगी। बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत इंदौर के सभी विधायक हिस्सा लेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार इंदौर में भाजपा की जीत के जश्न में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को इंदौर आमंत्रित किया जाएंगा।**

लोकसभा चुनाव के बाद समीक्षा करने की भाजपा की परंपरा रही है। इसके लिए एक जून से पहले लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सभी 38 विभागों, लोकसभा प्रत्याशी तथा कोर कमेटी, विधानसभा संयोजक, प्रभारी और विस्तारकों के साथ बैठक करके जानकारी ली जाएगी। लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नेताओं को लेकर भी निर्णय लिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने जिला अध्यक्षों से ऐसे नेताओं की जानकारी भी मंगाई है। अनुशासनहीनता करने वाले नेताओं को नोटिस भेजकर चेताया जाएगा और फिर भी वे नहीं माते हैं तो उन्हें पार्टी से बाहर करने की कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस से आए वरिष्ठ नेताओं की भूमिका भी होगी तय

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की कांग्रेस को कमजोर करने की राजनीति के तहत आए या लाए गए वरिष्ठ नेताओं की पार्टी में भूमिका को लेकर भी चर्चा की जाएगी। लोकसभा चुनाव में इन नेताओं का प्रदर्शन कैसा रहा और इससे चुनाव पर क्या असर पड़ा इस आधार पर उनके पार्टी में आगे का भविष्य निर्धारित होगा।

# तीन दिन में कॉल सेंटर ने किए सवा लाख फोन अटैंड

### भीषण गर्मी और आंधी के कारण कॉल में बढ़ोत्तरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कॉल सेंटर 1912 पर 28 से 30 मई तक सवा लाख से ज्यादा कॉल अटैंड हुए है। मालवा-निमाड़ के कई जिलों में तापमान 42 से 44 डिग्री होने एवं कई जिलों में आंधी चलने, मौसम में बदलाव के चलते कॉल सेंटर पर कॉल में बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी क्षेत्र में साठ लाख बिजली उपभोक्ता हैं। तीन दिनों में कॉल सेंटर पर दिन रात सुनवाई के दौरान आई सोलह हजार शिकायतों का समाधान किया गया है। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य ने बताया कि 1912 कॉल सेंटर की मुख्यालय के अलावा विभाग स्तर पर मानिटरिंग होती है। प्रत्येक कॉल का लेखा-जोखा भी संधारित किया जाता है। कॉल सेंटर पर दर्ज होने वाली विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण की मुख्यालय से पुष्टि भी की जाती है।

## 3 दिवसीय शनि जयंती महोत्सव का शुभारंभ 4 जून से

**इंदौर**। यंग इंडिया क्लब के तत्वावधान में जिंसी चौराहा स्थित प्राचीन मंशापूर्ण शनि मंदिर पर तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव का दिव्य अनुष्ठान 4 से 6 जून तक आयोजित होगा । इस दौरान शनि भक्तों को शनि पीड़ा निवारण पुस्तिका निशुल्क भेंट की जाएगी। क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, डॉ. निर्मल महाजन एवं सतीश सेन ने बताया कि 4 जून को 7.30 बजे फूल बंगला श्रृंगारित होगा, 5 जून को 7.30 बजे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कर्मचारी रामायण मंडल द्वारा सुंदरकांड का पाठ तथा 6 जून को अमावस्या को सुबह 8 बजे से पूजा-अर्चना दोपहर 12 बजे श्रृंगार एवं वट पूजा तथा महाआरती के बाद रात 8 बजे महाप्रसादी वितरण के कार्यक्रम होंगे।

# 18 महिलाएं देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण से सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300 वे जन्मदिवस पर सत्कार कला केंद्र ने विभिन्न समाजों की 18 महिलाओ को देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण से सम्मानित किया । आयोजन जाल सभाग्रह मे हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्व प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता राव थी। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी सुश्री श्वेता केडिया ने की।

अपने मुख्य संबोधन में डॉ, सरिता राव ने कहा कि इससे शुभ अवसर दूसरा नही हो सकता, क्योकि आज लोक माता अहिल्या देवी होलकर की 300 वी जन्म जयंती है। अहिल्या बाई एक कुशल प्रशासिका और परोपकारी महिला थी, जिन्होंने स्त्री सशक्तिकरण और सामाजिक सुधार के लिए अनेको कार्य किये। ऐसी प्रजा वत्सल से हम भी प्रेरणा ले।

अध्यक्षीय उदबोधन में सुश्री केडिया ने कहा कि सत्कार कला केंद्र का यह सुंदर प्रयास है। इससे महिलाओ को प्रोत्साहन मिलेगा और वे अन्य महिलाओ के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

सभी अवार्डी महिलाओ को मंजूषा और मोतियों की मालाओ से अलंकृत किया गया। स्वागत भाषण संस्था अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल ने दिया। संस्था का परिचय दिया महासचिव कैलाश मुंशी ने । अतिथियों एवं अवार्डी महिलाओ का परिचय संगठन मंत्री पुरुषोत्तम वाघमारे ने दिया। अतिथि स्वागत संयोजक डॉ. अरुण अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष विजय पारेख ने किया। पुरुषोत्तम वाघमारे और विजय पारेख ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये।

### ये महिलाएं हुई अलंकृत

श्रीमती अर्चना काले डंगावकर, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, श्रीमती मंजू नायर, उमा प्रभाकर, बोरकर, अर्चना खेर, डॉ. पदमा सिंह, निर्मला रमेश भुराडिया, चारु गर्ग, डॉ. दीप्ति सिंह हाड़ा, वंदना माहोर, डॉ. शिल्पी चौधरी, एकता मेहता, कंचन गिदवानी, सकीना परदा वाला, डॉ, सरन अरोरा, रुचिता तुषार नीमा, भारती पाटीदार और डॉ, अवनीत कौर नारंग।

# डिजिटल लाइफ में साइबर अपराधों से करें रक्षा

## एम.जी.एम के डॉक्टर्स ने, इंदौर पुलिस की क्लास में सीखे, साइबर क्राइम से बचने के टिप्स

**इंदौर। पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर ने पुलिस टीम के साथ गवर्मेन्ट डेंटल कॉलेज एम.जी. एम इंदौर में पहुंचकर, वहां के डॉक्टर्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।**



सायबर अवेयरनेस के तहत गवर्मेन्ट डेंटल कॉलेज एम.जी. एम इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने, 233 वीं कार्यशाला मे 150 डॉक्टर्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए, उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, वेब पोर्टल-ष्4ड्ढ़ह्ष्द्धद्वद्ग.द्दश1.द्बठ्ठ तथा इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, प्रैक्टिकली समझाया गया।

उन्होंने सभी डेंटिस्ट से कहा कि दांतों को स्वस्थ रखने के लिए जिस प्रकार सावधानी रख केवीटी और प्लॉक से करते हैं दांतों का बचाव, उसी प्रकार सावधानी और जागरूकता रख हम अपनी डिजिटल लाइफ में साइबर अपराधों से बचाव कर सकते हैं। अतः मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया आदि का उपयोग करने के समय पूर्ण सावधानी रखें और अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर ना करें। इस अवसर पर संस्थान के स्टूडेंटस, सहित स्टाफ भी उपस्थित रहा, जिन्होनें भी साइबर सुरक्षा की इन महत्वपूर्ण सावधानियां को जाना और इंदौर पुलिस की इस मुहिम की प्रशंसा की।

# देपालुर में डेंगू के दो और मरीज मिले, तीन दिन में 5 मरीज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। देपालपुर में डेंगू के दो और मरीज मिले हैं। इनके सहित अब तीन दिन में पांच डेंगू मरीज हो गए हैं। सभी का घरों में ही इलाज चल रहा है। यहां डेंगू के मरीज मिलने का खास कारण मवेशियों के पानी, नालों में लार्वा जमा होना सामने आया है। दूसरी ओर गांव वालों के मुताबिक तीन अन्य लोगों का इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। हालांकि ये तीनों मरीज स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में नहीं है।

मामला देपालपुर के गांव सगड़ोद का है। दरअसल पिछले हफ्ते यहां कई लोग बीमार होने लगे थे। धीरे-धीरे इनकी संख्या 40 से ज्यादा हो गई। सूचना मिलने के बाद डॉक्टरों ने दौरा किया और यहां से 22 लोगों के सैंपल लिए। इनमें से तीन लोग पॉजिटिव पाए गए थे। इनमें एक 64 वर्षीय बुजुर्ग, एक 27 वर्षीय महिला और 11 वर्षीय बालिका थी। उस दौरान लिए गए सैंपलों में से फिर दो नए मरीज मिले हैं। इनके सहित तीन दिनों में 5 नए मरीज मिले हैं। जो दो नए मरीज मिले हैं उनमें एक 20 वर्षीय युवक और दूसरा 10 वर्षीय बालक हैं। ये दोनों अलग-अलग परिवारों से हैं।

सीएमएचओ डॉ. बीएस सेतिया के साथ टीम सगड़ोद गांव पहुंची और स्थिति जानी। गांव में मवेशियों के पानी, हौज और नालों में गंदगी पाई गई। कई स्थानों पर लार्वा पाया गया। टीम ने छिडक़ाव किया। इसके साथ ही कुछ नए सैंपल लिए हैं। गांव के लोगों को समझाइश दी गई है कि वे घरों और आसपास गंदगी न होने दें।

## पत्नी पर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किशनगंज इलाके में एक पति ने अपनी पत्नी पर तवे से हमला कर उसे घायल कर दिया। वह पत्नी के चरित्र पर शक करता है इसी बात को लेकर विवाद हुआ था । सुजाता शिंदे की शिकायत पर आरोपी पति राकेश पिता राम चरण निवासी पिगडंबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि राकेश आए दिन उससे विवाद करता है। उस पर चरित्र गत आरोप लगाता है । उसने फिर घर में झगड़ा किया उसने विरोध किया तो तवा उठाकर उसके सिर पर दे मारा, उसके कान में गंभीर चोट लगी है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी पति पर कार्रवाई कर रही है।

## गल्ले से रुपए चुराते पकड़ाया

**इंदौर।** कपड़े खरीदने के बहाने एक दुकान पर पहुंचे एक बदमाश ने गल्ले में से पैसे चुरा लिए। उसकी हरकत दुकान मालिक ने देख ली, मौके पर ही उसे पकड़ा और पुलिस के हवाले किया है। मामला पलासिया थाना क्षेत्र के मनोरमागंज का है। यहां आनंद राय की अलका कलेक्शन नाम से दुकान है। उनकी दुकान पर एक युवक ग्राहक बनकर आया। वह कपड़े दिखाने लगे, कुछ कपड़े निकालने के लिए दुकान के ऊपरी हिस्से में गए। इसी दौरान आरोपी ने दुकान के गल्ले में से पैसे निकाल लिए। वह नीचे उतरे और गल्ला देखा तो समझते देर नहीं लगी उन्होंने तुरंत उस युवक को पकड़ाए तलाशी ली तो पैसे भी मिल गए । पूछताछ में युवक ने अपना नाम सूरज पाल निवासी सोमनाथ की नई चाल बताया है । आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## लॉकर से पैसे चुराए, 420 मसाला कंपनी में चोरी

**इंदौर।** बाणगंगा में 420 मसाला कंपनी में चोरी हो गई। मैनेजर ने वारदात की सूचना मालिक और अकाउंटेंट को दी। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। कंपनी में पीछे के गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे थे। जो मसाला कंपनी से 4 लाख रुपए नकदी लेकर भाग गए। बताया जाता है रूम में दो मोबाइल और लैपटॉप भी रखे थे। चोरों ने इन्हें हाथ भी नहीं लगाया। बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बरदरी में 420 मसाला में गुरुवार देर रात बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी में 4 चोर दिखे हैं। जो पीछे के गेट का ताला तोड़ते हुए अकाउंटेंट के रूम में आए और यहां से लॉकर में रखे रुपए लेकर भाग गए। सुबह मैनेजर अंशुल साहू कंपनी पहुंचे तो उन्होंने कंपनी के मालिक नमन अग्रवाल को मामले की जानकारी दी। इसके बाद अकाउंटेंट रितेश अग्रवाल ने थाने आकर केस दर्ज कराया है।

# फांसी पर लटका मिला महिला का शव

## परिजनों का आरोप ससुराल वाले करते थे दहेज के लिए प्रताडित, पुलिस जांच में जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के बगदून थाना की घाटाबिल्लोद चौकी क्षेत्र के लेबड में शनिवार को एक नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला है। नवविवाहिता की उम्र करीब 24 वर्ष थी।**

जानकारी के अनुसार लेबड गांव में रहने वाले जितेंद्र परमार के घर में उसकी 24 वर्षीय पत्नी सोनू का शव फंदे पर लटका होने की जानकारी घाटाबिल्लोद चौकी पर मिली। पुलिस सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची तो पाया कि मृतिका सोनू का शव पंखे पर साड़ी के सहारे लटका हुआ है। पुलिस ने पंचनामा बना कर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीथमपुर भेज दिया। जहां पोस्टपार्टम के बाद शव को परिजन उज्जैन स्थित राम घाट पर दाह संस्कार करेंगे। पीएम रिपोर्ट के आधार पर करेंगे कार्रवाई प्राथमिक जांच अधिकारी उपनिरीक्षक सुशील यदुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां शव पंखे से साड़ी के सहारे लटका था। शव का पंचनामा बना कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच ले लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतिका सोनू बाई की मां तेजू बाई ने बताया कि मेरी बेटी बहुत सीधी-साधी थी। इसकी शादी लॉकडाउन में अप्रैल 2021 में की थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही सोनू का पति और परिजन उसे प्रताड़ित करते थे। अभी दो दिन पहले ही मृतिका के पति जितेंद्र ने फोन पर दहेज के सामान सोफा सेट, डबल बेड पलंग आदि को मांग की थी।

मृतक के परिजन भरत चंदिसा ने बताया कि सुबह हमारे पास अन्य रिश्तेदार का फोन आया कि सोनू की तबीयत खराब है। मृतिका के परिजनों के पास हम सबके फोन नंबर थे, फिर भी उन्होंने अन्य रिश्तेदार को फोन कर बताया। हम जब यहां पहुंचे तो मृतिका के परिजन और पुलिस मौके पर थी। सोनू का शव फांसी पर लटका हुआ था। हमें शक है कि ससुराल वालों ने सोनू को मार कर फंदे पर टांग दिया या फिर मृतिका को दहेज के लिए इतना प्रताड़ित किया है जिससे उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। इस संबंध में जब मृतिका के ससुराल वालों से बात करना चाही तो उन्होंने बात नहीं की।

# सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने आमजन सिटीजन आई से जुड़े

## थानों के सीआई सेल से दी तकनीकी जानकारी की ट्रेनिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता के निर्देशन में सिटीजन कॉप फाउंडेशन के सहयोग से सिटीजन आई नाम से एक नई सुरक्षा तकनीकी सुविधा का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जगहों पर लगाए गए कैमरों की जानकारी को संग्रहित कर उसका उपयोग पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए करेगी। सिटीजन आई की तकनीकी सुविधा से ज्यादा से ज्यादा नागरिक जुड़ सके, इसे देखते हुए सीआई सेल के पुलिसकर्मियों को बैठक के बाद



रीगल चौराहा स्थित कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) अनिल मंडराह ने कहा कि थाना क्षेत्रों के रहवासी संघ के पदाधिकारियों को बताएं कि वे लगाए हुए कैमरे, जो रोड साइड और शहर में अलग-अलग स्थानों पर लगे हुए हैं उसकी जानकारी सिटीजन कॉप ऐप के सिटीजन आई फीचर में दें। इस सुविधा से आपराधिक गतिविधियां होने पर पुलिस को मदद मिलेगी।

### यह करें नागरिक

तकनीकी सुविधा के लिए नागरिक को केवल इतना करना है कि अपने घर, संस्थान या दुकान पर कैमरा लगाने पर मोबाइल नंबर, कैमरा जहां लगा है उस जगह की लोकेशन, कितने लगाए गए हैं, की जानकारी सिटीजन आई पर दर्ज कराएं। पुलिस केवल घटना के समय ही जानकारी लेगी, इसमें किसी के पर्सनल फीड नहीं लिए जाएंगे।

# भाजपा विधायक की कार ने मारी टक्कर, महिला की मौत

## पति-दो बच्चों के साथ बाइक पर थी सवार; इंदौर जा रहे थे विधायक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर। मंदसौर में भाजपा विधायक की कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। इसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पति और दो बच्चे घायल हो गए। घटना शुक्रवार सुबह 7.30 बजे दलौदा थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे पर हुई।**

नीमच से भाजपा विधायक दिलीप सिंह परिहार अपने परिवार के साथ नीमच से इंदौर इलाज करवाने जा रहे थे। उनके काफिले की दूसरी कार में सहायक और सुरक्षाकर्मी सवार थे। लखमाखेड़ी फंटे के पास विधायक की गाड़ी के पीछे चल रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी।



प्रेमबाई, मृतक

बाइक सवार परिवार बड़वन से लखमाखेड़ी जा रहे थे। घटना में प्रेमबाई बैरागी (35) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पति बाबूदास (40), दो बच्चे प्रवेश (2) और वंशिका (9) घायल हो गए। जिन्हें मंदसौर जिला अस्पताल लाया गया। जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है।

**भाजपा विधायक ने जताई संवेदना-** भाजपा विधायक दिलीप सिंह परिहार ने मृतक महिला के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार के साथ इंदौर उपचार के लिए जा रहे थे। पीछे उनकी कार में उनके सहायक और चालक थे। उन्हें जैसे ही एक्सीडेंट की जानकारी लगी वे वापस लौटे।

### एसडीओपी बोली- घटना में तीन लोग घायल

मंदसौर ग्रामीण एसडीओपी कीर्ति बघेल ने बताया कि लखमाखेड़ी फंटे पर एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी है। सभी को जिला अस्पताल लाया गया। इसमें महिला की मौत हो गई है। बाकी तीन लोग घायल गए हैं। कार के बारे में तथ्य जुटाए जा रहे हैं।

# इंदौर में फरारी काट रहा था दुष्कर्म का आरोपी

❑ छैगांवमाखन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। छैगांवमाखन पुलिस ने दुष्कर्म केस में फरार चल रहे आरोपी से सरेंडर कराया हैं। वो इंदौर में ही फरारी काट रहा था लेकिन पुलिस पकड़ नहीं पा रही थी। आखिर परिवार वालों पर दबाव बनाया और आरोपी को सरेंडर कराया। गुरूवार शाम को आरोपी थाने आया, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर शुक्रवार कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजने के आदेश हुए।

24 मई को थाना छैगांवमाखन पर एक 23 वर्षीय युवती ने दुष्कर्म मामले में एफआईआर कराई थी। पुलिस ने दीपक पिता सीताराम पटेल निवासी बरूड़ को आरोपी बनाया। एफआईआर होने के बाद से आरोपी दीपक फरार हो गया। इस बीच पीडिता पक्ष ने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। अब 30 मई को पुलिस ने आरोपी से सरेंडर कराया हैं। टीआई विक्रम धार्वे का कहना है कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया था। जहां से जेल भेज दिया हैं।

पीडिता ने पुलिस को बताया था कि आरोपी दीपक ने छैगांवमाखन के प्रिया मेडिकल स्टोर पर ले जाकर दुष्कर्म की वारदात की थी। उक्त मेडिकल कांग्रेस नेता पंकज वर्मा के नाम से रजिस्टर्ड है। हालांकि, मामला प्रकाश में आने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने कहा कि पंकज को पूर्व में ही पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इधर, मेडिकल स्टोर को लेकर ड्रग विभाग के मलखान महाजन का कहना है कि उसके संचालक ने एक साल पहले ही लाइसेंस सरेंडर कर दिया था।

# अवैध रेत उत्खनन पर 59.40 लाख रुपए का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन। खरगोन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने अवैध रेत उत्खनन के मामले में सुलगांव निवासी पीरू पिता नजरअली व हकीम पिता नजर अली पर 59 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। दोनों ने जुर्माना समय पर जमा नहीं करने पर राशि आरआरसी जारी कर भू राजस्व के बकाया की तरह वसूल की जाएगी। साथ ही रेत के अवैध उत्खनन में जब्त पोकलेन को पुलिस अभिरक्षा में नहीं सौंपने पर उनके विरूद्ध मंडलेश्वर थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई।**



3 दिन में अवैध रेत खनन को लेकर कलेक्टर कोर्ट ने दूसरी बड़ी जुर्माने की कार्रवाई की है। इसके पहले जलकोटी में अवैध रेत उत्खनन मामले में 72 लख रुपए का जुर्माना आदेश पर पारित किया गया था। जिला खनिज अधिकारी सावन चौहान ने बताया कि 8 मार्च 2019 को राजस्व व खनिज अमले की संयुक्त कार्रवाई में पीरू पिता नजरअली एवं हकीम पिता नजरअली को महेश्वर तहसील के ग्राम सुलगांव की शासकीय भूमि से बिना अनुमति के 990 घन मीटर रेत का अवैध उत्खनन करते पकड़ा था।

मौके पर टाटा कंपनी की पोकलेन मशीन भी जब्त की गई थी। खनिज अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई के लिए कलेक्टर कोर्ट में प्रस्तुत किया। सुनवाई में दोनों पक्षों को सुनने के बाद कलेक्टर ने जुर्माना लगाया।

### जलूद में भंडारण की रेत जब्त

खनिज अधिकारी ने बताया कि 26 मई 2024 को ग्राम जलूद में नर्मदा किनारे खनिज निरीक्षक प्रियंका अजनार व राजस्व तथा पुलिस विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई कर रेत के अवैध भंडारण को जब्त किया।

# हत्याकांड के आरोपियों को आजीवन कारावास

## पिता ने साथियों के साथ मिलकर बेटी की हत्या कर दी थी

**धार।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने हत्या के मामले में फैसला पारित करते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास से दंडित किया है। आरोपी पिता ने खानदान की इज्जत बचाने के लिए अपने दो साथी के साथ मिलकर युवती की हत्या कर दी थी। कोर्ट ने इस मामले में आरोपी पृथ्वीराज पिता थावर सिंह पटेल, मुकेश पिता नंदराम और ईश्वर पिता तोलाराम को आजीवन कारावास सहित अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन का संचालन टीसी बिल्लौरे ने बताया कि घटना 07 फरवरी 2020 को मांडव थाना प्रभारी को मोबाइल से सूचना मिली थी कि ग्राम रणगांव सातघाटा पुलिया के नीचे एक लडकी की लाश पड़ी है।

सूचना पर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, पुलिस ने इस मामले में लडकी के मुंह पर चोट के निशान होने के चलते हत्या की धारा में प्रकरण दर्ज करवाया। मृतिका का अनुसंधान के दौरान पोस्टमॉर्टम डॉक्टर की पैनल ने किया। अनुसंधान के दौरान 15 फरवरी को मृतिका का उसके काका भगवान व उसकी बहन अर्चना की ओर से काली ओकेटव गले में पहने ताबीज व दाहिने हाथ में गोल्डन घड़ी देखकर के भतीजी रोशनी पिता ईश्वर जाति पटलिया निवासी लुनहेरा के रूप में पहचान की थी।

# पंडित धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग्राम की गुंडागर्दी, घर में घुसकर महिलाओं को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छतरपुर। छतरपुर जिले में बागेश्वर धाम के महंत और कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग पर एक बार फिर मारपीट के आरोप लगे हैं। शालिग्राम का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे गड़ा गांव में ही जीतू तिवारी के घर के बाहर खड़े नजर आ रहे हैं। उनके साथी भी मौजूद है। वीडियो में दोनों पक्षों के बीच विवाद और गाली-गलौज सुनाई दे रही है।

बताया गया है कि शालिग्राम गर्ग का जीतू तिवारी से लेनदेन को लेकर कुछ विवाद हुआ था। बात बढ़कर मारपीट तक पहुंच गई। इस मामले में पीड़ित पक्ष बमीठा थाने पहुंचा है। पुलिस ने उन्हें मेडिकल चेकअप के लिए अस्पताल भेजा है।

बताया जा रहा है शास्त्री के छोटे भाई शालिग्राम ने छतरपुर के गढ़ा गांव में करीब 50 सेवादारों के साथ मिलकर जीतू तिवारी के परिवार पर लाठियों से हमला कर लिया। मंहत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के चार पहिया वाहन में उनके छोटे भाई शालिग्राम सवार थे। इस दौरान सेवादार पीला चोला पहनकर बाइक पर डंडे लेकर पहुंचे और महिलाओं और बच्चियों के साथ जमकर मारपीट की।

# सियार ने 4 बच्चों के मुंह नोंचे

## 2 गंभीर घायल, महिलाओं पर भी झपटा; लोगों ने मार गिराया, बोले- पागल हो गया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। ग्वालियर में उटीला इलाके के आदिवासी का पुरा और पास के गांव में सियार ने शुक्रवार रात ग्रामीणों पर हमला कर दिया। आदिवासी का पुरा में घर के बाहर खेल रहे बच्चों पर सियार झपटा। बच्चों को बचाने आए लोगों पर भी हमला किया। रात 12.30 बजे ग्रामीणों ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। जब दोबारा हमला किया तो डंडों से पीट-पीटकर मार डाला।

सियार के हमले में देव बघेल (5) पुत्र सोनू बघेल और सुनैना (4) पुत्री भावना को गंभीर चोट आई है। पंजा लगने से देव के गाल का मांस निकल गया। सुनैना के गाल और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे जख्म हैं। एसडीओपी संतोष कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचे उटीला थाना प्रभारी ?शिवम राजावत ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

**सियार को कुत्ते ने दबोचा, ग्रामीणों ने डंडों से मार डाला-** गांव के लोगों ने बताया, बच्चों को बचाने के दौरान पूजा (26) पर भी सियार ने जानलेवा हमला बोला। इसके बाद एक और महिला की ओर दौड़ा, तभी गांव के कुत्ते ने उसे दबोच लिया। इसके बाद हमने उसे मार दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सियार पागल हो गया था। काफी लोगों पर हमला कर चुका था। उससे बचने के लिए ऐसा मजबूरी में करना पड़ा।

**दो से तीन की संख्या में थे सियार-** पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी वन विभाग की टीम को दे दी थी। बताया जा रहा है कि सियार संख्या में दो से तीन थे। आदिवासी का पुरा के अलावा पास के गांव में भी एक बच्चे पर सियार ने हमला किया, लेकिन ग्रामीणों ने उसे बचा लिया। ग्रामीणों का कहना था कि दो सियार बचकर भाग निकले।

# संपादकीय

## सबको साथ मिल कर काम करने की जरूरत

गर्मी का मौसम एक तरह से कहर ढा रहा है और लोग इसे झेलने पर मजबूर हैं। चिलचिलाती धूप और लू की मार से बचने के लिए लोगों को अब अतिरिक्त इंतजाम करना पड़ रहा है। कई जगहों पर लू की वजह से कुछ लोगों की मौत हो जाने के अलावा बिहार में कई स्कूली बच्चों के बीमार पड़ने की खबरें आई हैं। इस वर्ष की गर्मी जिस रूप में आई है, उसकी आशंका पिछले कई महीने से जाहिर की जा रही थी। मगर इस तरह के पूर्वानुमानों की सार्थकता तभी है जब किसी संकट की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी भी साथ-साथ की जाए। विडंबना यह है कि विज्ञान की उपलब्धियों के सहारे अब आने वाले दिनों के मौसम को लेकर कई बार सटीक अनुमान तो लगा लिए जाते हैं, लेकिन उसके मुताबिक जरूरी कदम उठाने के लिए न तो सरकारों को कोई ठोस पहल करते देखा गया और न ही आम जनता इसके प्रति सचेत होती है या अपने स्तर पर कोई सावधानी बरतती है। यह बेवजह नहीं है कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी का मौसम एक तरह से कहर ढा रहा है और लोग इसे झेलने पर मजबूर हैं। चिलचिलाती धूप और लू की मार से बचने के लिए लोगों को अब अतिरिक्त इंतजाम करना पड़ रहा है। कई जगहों पर लू की वजह से कुछ लोगों की मौत हो जाने के अलावा बिहार में कई स्कूली बच्चों के बीमार पड़ने की खबरें आईं। पारा किस कदर ऊपर की ओर चढ़ रहा है, उसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि गर्मी से उपजी परेशानी अब हादसों और पेयजल तक के संकट के रूप में बदल रही है। गौरतलब है कि बुधवार को राजधानी दिल्ली में मुंगेशपुर इलाके में तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और दिल्ली सहित कई राज्यों में इसका असर अब जनजीवन बाधित होने के तौर पर भी सामने आ रहा है। दिल्ली में अब तक दर्ज किया गया यह सबसे ज्यादा तापमान है और इससे अस्सी वर्ष पहले का वह रिकार्ड टूटा है, जब 29 मई को तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इसके अलावा, पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर-पश्चिम भारत के कई शहर लू की चपेट में हैं और उन इलाकों के लिए मौसम विभाग को लाल चेतावनी जारी करनी पड़ी। यानी कि जिस तरह की गर्म हवाएं चल रही हैं, उससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होने का खतरा है। हालांकि बुधवार को ही शाम में मौसम ने करवट बदली और आंधी के साथ कुछ इलाकों में बारिश भी हुई, जिससे राहत के आसार बने, लेकिन तापमान और गर्मी का जैसा रुख बना हुआ है, उसके मद्देनजर आने वाले कुछ दिन संवेदनशील हो सकते हैं।




**।।उरुष्या ण उरुभिर्देव शंसैः।।**

*हे देव ! तू बहुत-से अनुशासनों से हमारी रक्षा कर।*

(ऋग्वेद.१०.७.१.)




शेखचिल्ली के घर पर बेकार बैठे रहने से उसकी मां बेहद परेशान थी। एक दिन उसने सोचा कि क्यों न शेख को व्यापार के लिए भेजा जाए, जिससे कुछ आमदनी हो जाए और वह बेकार भी न रहे। इसी मकसद के साथ उसकी मां अपनी जमा पूंजी लेकर बाजार से मखमल के कपड़े का थान खरीद लाई।

कपड़े की थान खरीदने के बाद उसकी मां ने शेख से कहा कि वो इसे नगर के बड़े बाजार में बेच आए। शेखचिल्ली की मां ने उसे खास हिदायत देते हुए कहा कि बाजार में इस थान की कीमत इसके वास्तविक मूल्य से 2 पैसे ऊपर ही बताना। मां की बात गांठ बांधकर शेख कपड़े का थान लेकर नगर के बाजार की ओर चल पड़ा।

नगर के बड़े बाजार में पहुंचकर उसने एक जगह कपड़े का थान रख दिया और ग्राहक के मिलने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद एक आदमी शेख के पास आया और थान की कीमत पूछने लगा। मूर्ख शेखचिल्ली को मां की कही बात याद आई तो उसने शख्स से कहा, "दाम का क्या है जनाब, आप बस थान के वास्तविक मूल्य से 2 पैसे ऊपर दे दीजिएगा।" शेखचिल्ली की बात सुनकर वह शख्स समझ गया कि वह मूर्ख है, इसलिए उसने तुरंत जेब से 4 पैसे निकालकर मखमल के कपड़े के थान के ऊपर रख दिए। शेख ने भी खुशी-खुशी वह पैसे उठाए और कपड़े का थान शख्स को बेचकर घर की ओर चल पड़ा।

घर लौटते हुए शेखचिल्ली ने रास्ते में देखा कि एक शख्स बड़े-बड़े तरबूज बेच रहा था। उसने कभी तरबूज नहीं देखे थे, तो वह आश्चर्यचकित हो गया और फल विक्रेता से पूछने लगा कि 'यह क्या है?' शेखचिल्ली का सवाल सुनकर फल विक्रेता को यह समझने में देर न लगी कि वह पक्का कोई महामूर्ख ही है। फल विक्रेता ने सोचा क्यों न उसे बेवकूफ बनाया जाए, तो वह शेख से कहने लगा कि यह कोई ऐसी-वैसी चीज नहीं है, बल्कि हाथी का अंडा है। फल विक्रेता की बात सुनकर शेखचिल्ली बहुत प्रभावित हुआ और उसने 2 पैसा देकर वह तरबूज खरीद लिया, जबकि उस समय एक तरबूज का भाव 1 पैसा हुआ करता था।

शेखचिल्ली यह सोचने लगा कि इससे हाथी का बच्चा निकलेगा और उसके बड़े होने पर वह हाथी को बेचकर बहुत पैसे कमाएगा। ये सोचते हुए खुश होकर वह घर की ओर चल पड़ा। वह तरबूज हाथ में उठाए आधे रास्ते ही पहुंचा था कि अचानक से उसका पेट खराब हो गया। आसपास खाली व सुनसान जगह देखकर वह एक पत्थर पर तरबूज को रखकर खुद झाड़ियों के पास पेट हल्का करने चला गया।

अचानक झाड़ियों से उसने देखा कि एक गिलहरी तरबूज के पास से कूद कर बाहर निकली और तरबूज पत्थर से नीचे गिर कर फट गया। शेखचिल्ली को लगा कि वह गिलहरी कोई और नहीं, बल्कि तरबूज से निकला हाथी का बच्चा है। इतना सोचकर वह गिलहरी को पकड़ने के लिए उसकी ओर दौड़ा, लेकिन गिलहरी तब तक फुर्ती से भाग चुकी थी। ये सोचकर कि हाथी का बच्चा हाथ से निकल गया शेखचिल्ली हाथ मलता रह गया और दुखी होकर घर की ओर चल पड़ा।

रास्ते में शेखचिल्ली को बड़े जोरों की भूख लगने लगी, तो वह हलवाई की दुकान पर रूक गया और उसने खाने के लिए समोसे खरीद लिए। जैसे ही उसने समोसे का एक टुकड़ा मुंह में डाला एक कुत्ता उसके सामने आकर भौंकने लगा। उसे लगा कि कुत्ता जरूर भूखा होगा, तो उसने बाकी बचा समोसा कुत्ते के सामने डाल दिया। कुत्ते ने पलक झपकते ही पूरा समोसा खा लिया और शेखचिल्ली भूखा ही घर की ओर चल पड़ा।

घर पहुंचकर उसने देखा कि उसकी मां घर पर मौजूद नहीं थी। उसने अपनी पत्नी को पूरी बात बताई कि कैसे उसके हाथ से हाथी का बच्चा निकल गया। उसकी बातें सुनकर शेखचिल्ली की पत्नी को बहुत गुस्सा आया और वह उससे लड़ने लगी। शेख की पत्नी कहने लगी कि अगर वह अपनी लापरवाही से हाथी के बच्चे को नहीं खोता तो वह एक दिन उस पर बैठकर सवारी करती।

शेखचिल्ली और उसकी पत्नी आपस में झगड़ रहे थे कि शेखचिल्ली की मां घर लौट आई। दोनों को झगड़ते देख उसने लड़ने का कारण पूछा। शेख ने अपनी मां को पूरी बात बताई कि कैसे उसने मखमल के कपड़े के थान को बेचा और फिर रास्ते में हाथी का अंडा खरीदा। शेख की बातें सुनकर उसकी मां को बहुत गुस्सा आया और उसने उसे फटकारते हुए घर से बाहर निकाल दिया।

घर से निकलकर शेखचिल्ली गुस्से में चलते-चलते उसी हलवाई की दुकान के पास पहुंचा जहां से उसने समोसे खरीदे थे। उसने देखा कि वह कुत्ता अब भी वहीं बैठा था। कुत्ते को देखकर उसका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वह उसे मारने के लिए दौड़ा। कुत्ता हलवाई की दुकान के आगे से एक गली की ओर भागने लगा और शेख भी उसे मारने के लिए पीछे-पीछे दौड़ने लगा।

भागते-भागते कुत्ता एक मकान के अंदर जा घुंसा जिसका दरवाजा खुला हुआ था। शेखचिल्ली भी उसके पीछे घर के अंदर घुस गया। कुत्ता दीवार फांदकर घर से बाहर निकल गया और शेखचिल्ली उसे ढूंढते हुए एक कमरे में जा पहुंचा। वो कमरा घर की मालकिन का था, जो उस वक्त वहां मौजूद नहीं थी। उसे कमरे में सोने-चांदी के आभूषणों से भरा एक छोटा संदूक दिखाई दिया, जो खुला हुआ था। उसने किसी को आसपास न पाकर एक कपड़े में सारे जेवरात डाल कर गठरी बना ली और किसी के आने से पहले ही वहां से निकल गया।

उस मकान से आभूषण लेकर शेखचिल्ली सीधे अपने घर पहुंचा और अपनी मां को गठरी सौंपते हुए पूरी बात बताई। शेखचिल्ली की मां आभूषणों को देखकर बहुत खुश हो गई और फिर उसने वो गठरी अपने आंगन में एक गड्ढा खोदकर उसमें गाड़ दिया।

शेखचिल्ली की मां उसकी मूर्खता से भली-भांति वाकिफ थी। उसने सोचा कि वह किसी को भी ये बात बता सकता है और वे चोरी के इल्जाम में पकड़े जा सकते हैं। इसलिए शेख की मां ने एक योजना बनाई और घर के एक नौकर को भेजकर बाजार से एक बोरा धान व मिठाइयां मंगवा ली।

रात को जब शेखचिल्ली सो गया तो उसकी मां ने पूरे घर के आंगन में धान और मिठाईयां को बिखेर दिया। देर रात शेख को नींद से जगाते हुए उसकी मां ने कहा कि देखो घर में धान और मिठाइयों की बारिश हुई है। बाहर आकर देखने पर शेखचिल्ली को उसकी मां की बातों पर यकीन हो गया और वह धान के बीच से मिठाइयां बिछकर खाने लगा।

वहीं, दूसरी ओर जिस शख्स की पत्नी के आभूषण शेखचिल्ली ने चुराए थे, उसने कोतवाल से शिकायत कर दी थी। मामले की जांच करते हुए कोतवाल और वह शख्स शेखचिल्ली के घर पहुंचे। कोतवाल ने शेखचिल्ली से चोरी के बारे में पूछा तो उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली।

शेखचिल्ली ने कोतवाल को बताया कि कैसे वह कुत्ते का पीछा करते हुए मकान के अंदर पहुंचा और वहां से चोरी किए आभूषणों को उसकी मां ने आंगन में गाड़ दिया। आगे उसने यह भी कहा कि आभूषणों को गाड़ने के बाद रात को धान और मिठाइयों की बारिश हुई। शेखचिल्ली की बातें सुनकर कोतवाल और शख्स को लगा कि वह मूर्ख है, इसलिए ऐसी बातें कर रहा है। शेखचिल्ली को पागल जानकर कोतवाल वहां से बिना कुछ तहकीकात किए ही चला गया।

इस तरह से शेखचिल्ली की मां ने अपनी सूझबूझ से सभी को फंसने से बचा लिया। इसके बाद शेखचिल्ली की मां कई दिनों तक एक-एक कर उन आभूषणों को बेचकर परिवार का खर्च चलाती रही।

### कहानी से सीख

**इस कहानी से हमें दो सीख मिलती है, पहली यह कि हमें कभी किसी की बातों में नहीं आना चाहिए। दूसरी यह कि सूझबूझ से लिए गए फैसले से हर मुश्किल हल हो सकती है।**

Paschim Bangal

# पश्चिम बंगाल में वोटिंग के दौरान हंगामा, गुस्साई भीड़ ने तालाब में फेंकी EVM और VVPT मशीन

**कोलकाता, (एजेंसी)** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण की वोटिंग जारी है. इस बीच पश्चिम बंगाल से हंगामे की खबर आ रही है. जानकारी के मुताबिक दक्षिण 24 परगना में गुस्साई भीड़ ने ईवीएम और वीवीपैट मशीन को पानी में फेंक दिया है. आखिरी चरण में पश्चिम बंगाल की 9 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं. सातवें चरण की वोटिंग शुरू होने के कुछ देर बाद खबर आई कि पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के कुलताई में बूथ संख्या 40, 41 पर भीड़ ने कथित तौर पर ईवीएम और वीवीपैट मशीन को पानी में फेंक दिया है. स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक मतदाताओं को कथित तौर पर टीएमसी समर्थकों ने धमकाया जिससे भीड़ उत्तेजित हो गई



और ईवीएम को तालाब में फेंक दिया. वोटिंग के मामले में इस बार पश्चिम बंगाल ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है. हालांकि पहले चरण से पश्चिम बंगाल से हिंसा की खबरें आ रही हैं. पहले ही चरण की वोटिंग वाले दिन तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया था कि अलीपुरद्वार तुफानगंज-2 ब्लॉक में बरोकोडाली-I ग्राम पंचायत के हरिरहाट क्षेत्र में टीएमसी के अस्थायी पार्टी कार्यालय को बीजेपी समर्थकों ने आग के हवाले कर दिया. लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में शनिवार को सात राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं. इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाराणसी सीट भी शामिल है. जिन सीटों पर आज वोटिंग हो रही है, उसमें पंजाब और यूपी की 13-13 सीटें, पश्चिम बंगाल की 9 सीटें, बिहार की 8 सीटें, ओडिशा की 6 सीटें, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटें, झारखंड की 3 सीट और एक चंडीगढ़ सीट शामिल है.

New Delhi

पोर्श क्रैश कांड

## नाबालिग रईसजादे की मां भी गिरफ्तार, बेटे को बचाने के लिए किया था 'खेल'



**पुणे, (एजेंसी)** पुणे पोर्श क्रैश कांड के 17 साल के आरोपी की मां को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि नाबालिग के पूरे परिवार ने उसे बचाने के लिए हथकंडे अपनाए थे। बता दें कि 17 साल के आरोपी की लग्जरी पोर्श कार से दो लोगों की मौत हो गई थी। इसमें एक लड़का और एक लड़की शामिल थी। वहीं अधिकारियों ने बताया था कि ससून जनरल अस्पताल में नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल कूड़े दान में फेंक दिया गया। इसके बाद पता चला कि नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल बदल दिया गया था। तभी लड़के की मां ने पैसों का लालच देकर अपने ही ब्लड से सैंपल बदलवा दिया। जानकारी सामने आने के बाद से शिवानी फरार थीं। इसके बाद बीती रात वह मुंबई से पुणे पहुंचीं और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त नाबालिग नशे में धुत था और अस्पताल में उसका ब्लड सैंपल मां शिवानी से बदल दिया गया था। आरोप है कि यह हेराफेरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और उनके कर्मचारियों ने की थी। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद एक डॉक्टर और लैब हेड को गिरफ्तार किया गया था और पुलिस शिवानी की तलाश कर रही थी। इस मामले के बाद अस्पताल को लेकर भी फर्जीवाड़ा सामने आया है।

Uttarakhand

## गंगोत्री हाइवे पर पहाड़ से गिरे पत्थर ने ली 1 शख्स की जान, महिला लापता और कई लोग घायल

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में एक दर्दनाक हादसे में एक शख्स की मौत हो गई जबकि एक महिला लापता हो गई है. अधिकारियों ने बताया कि गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से शुक्रवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई. उन्होंने बताया कि दोपहर 12.20 बजे हुई इस घटना में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के चार मजदूरों सहित कुल बारह अन्य लोग भी घायल हो गए. न्यूज एजेंसी के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि घायलों को हर्षिल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उन्होंने बताया कि उनमें से दो गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें हेलीकॉप्टर से एम्स, ऋषिकेश लाया गया. अधिकारियों ने बताया कि मौके पर ही मरने वाले की पहचान जिले के भटवारी इलाके के सैंज गांव के निवासी अखिल सिंह (18) के रूप में हुई है, उन्होंने बताया कि लापता महिला मजदूर की पहचान कमला देवी के रूप में हुई है.

Uttarpradesh

## पूरी-सब्जी वाले की इतनी कमाई! GST के छापे में लाखों की टैक्स चोरी पकड़ी, AI से फंसा

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में मालीवाड़ा चौक पर शहर के प्रसिद्ध सैंय्या जी पूरी वाले से राज्यकर विभाग ने 17.85 लाख रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी है। प्रतिष्ठान पर जीएसटी टीम करीब एक महीने से एआई टूल्स से नजर रखे हुई थी, जिसके बाद गुरुवार को दुकान और घर पर छापा मारकर जांच की गई थी।



राज्यकर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-1 दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि कंपाउड स्कीम की जांच के लिए एसओपी जारी किया गया है। एसओपी के निर्देश और एआई टूल्स का प्रयोग करते हुए मालीवाड़ा में कार्य कर रही फर्म सैंया जी पूरी वाले को जांच के लिए चिह्नित किया। करीब एक महीने तक जांच की गई तो पाया कि फर्म सैंय्या जी पूरी वाले द्वारा कंपाउड स्कीम में निर्धारित मानकों का उल्लंघन करते हुए व्यापार किया जा रहा था।

जीएसटी पोर्टल पर डेटा एनालिसिस किए जाने के बाद विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा द्वारा फर्म की रेकी की गई। डेटा एनालिसिस में पाई गई कमियों के आधार पर एसआईबी द्वारा फर्म पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। गुरुवार को आठ अधिकारियों की टीम ने सैंय्या जी पूरी वाली के प्रतिष्ठान पर छापा मारकर जांच की। यह जांच करीब दस घंटे तक की गई।

खेल

# यूट्यूबर जेक पॉल से माइक टायसन का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से स्थगित, फैंस को हाथ लगी निराशा

**लंदन, (एजेंसी) माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल के खिलाफ रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।**

टायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे, तो उन्हें चिकित्सा उपचार की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आना की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था।



आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है, जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं।

बयान में कहा गया- माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें और फिर जब मन करे तब पूरी फिटनेस ट्रेनिंग के लिए लौटें। माइक और जेक दोनों इस बात से सहमत हैं कि यह सुनिश्चित करना उचित है कि दोनों एथलीट इस महत्वपूर्ण मैच के लिए तैयार हैं या नहीं।

आयोजकों ने कहा- एथलीट्स का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम माइक को जरूरी समय लेने में पूरी तरह से समर्थन करते हैं ताकि वह उस स्तर पर प्रदर्शन कर सकें जिसकी वह खुद से अपेक्षा करते हैं। बयान में कहा गया है कि मुकाबले की नई तारीख की घोषणा सात जून तक की जाएगी।

सिनेमा

## पंचायत के 'माधव' ने ऑडिशन में खाए धक्के, खेती करने गांव लौट, ऐसे बने स्टार



वेब सीरीज 'पंचायत 3' की हर ओर चर्चा हो रही है. इसके हर किरदार ने दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है. सीरीज में आपने बुल्लू कुमार (माधव बकरीवाला) को एक मजेदार रोल में देखा होगा. वो पंचायत 2-3, महारानी, ग्रहण, खाकी, रनवे लुगाई में काम कर चुके हैं. 'पंचायत' से लाइमलाइट में आए एक्टर को आज लोग पहचानते हैं. अच्छे प्रोजेक्ट्स में वो काम कर रहे हैं. लेकिन उनके लिए यहां तक पहुंचना आसान नहीं था. जोश टॉक्स में बुल्लू ने अपने करियर और स्ट्रगल की जर्नी को शेयर किया. बताया कैसे गांव के किसान का ये बेटा पंचायत का माधव बनकर मशहूर हुआ. बुल्लू बिहार के नवादा जिले से हैं. किसान परिवार से आते हैं. बुल्लू के पिता किसान थे. बुल्लू ने बचपन से एक्टर बनने का सपना नहीं देखा था. ग्रेजुएशन पूरा कर जब वो पटना नौकरी करने आए तब उन्हें एक्टिंग का चस्का लगा. 2011 में वो पहली बार मुंबई आए. फिर कास्टिंग के लिए दिन भर लाइनों में लगे रहते थे. कुछ फायदा नहीं हो रहा था. ऑडिशन नहीं हुआ बस इंट्रो देने तक सिलसिला पहुंचा था. थक हारकर काम ना मिलने की वजह से बुल्लू को पटना लौटना पड़ा.

## Highlights

1. Rahul Gandhi is my choice for PM: Congress chief Kharge
2. Monsoon triggers surge in vegetable prices in Mangaluru and Udupi
3. Nagpur shows 56°C temperature on Thursday, IMD says 'not correct'
4. Tight security blanket for Telangana Day celebrations
5. Madhya Pradesh High Court denies protection to interfaith couple
6. 100% false: Kerala temple on Shivakumar's black magic' claim

# Tesla CEO Elon Musk accused of $7.5 billion of insider trades in investor lawsuit

**NEW DELHI, (Agency).** Landing in yet another controversy, Tesla CEO Elon Musk has been named in a shareholder lawsuit for allegedly being involved in $7.5 billion insider trades at the electric car company.

The lawsuit by a Tesla investor claims that Musk had inside knowledge of a miss on production and delivery numbers that Tesla Inc. was facing when he sold more than $7.5 billion in stock in 2022.

Tesla investor Michael Perry alleged in his lawsuit that Elon Musk had nonpublic information that Tesla would miss its fourth quarter targets in 2022 and sold his shares. The suit was filed on Thursday in Delaware Chancery Court.



Perry said in his complaint that Musk "exploited his position at Tesla, and he breached his fiduciary duties" to the company and its shareholders. The Tesla CEO sold those company shares to complete his buyout of social media platform X, formerly Twitter. The lawsuit alleges, that "Musk profited from his misconduct and his exploitation of material and adverse inside information." The investor further asked the judge to order Musk to return the profit from his alleged improper trading back to the company. In his lawsuit, Perry also accused the Tesla directors of failing to make sure that Musk complied with the legal obligations in stock sales and statements about Tesla's financial performance.

# Prices of 19-kg commercial cylinders slashed by ₹69.50. Check new rates

**NEW DELHI, (Agency).** LPG cylinder price cut: Oil marketing companies slashed prices of commercial LPG gas cylinders by ₹69.50 with immediate effect from June 1. With this, the retail sales price of 19kg commercial LPG cylinder in Delhi stood at ₹1676. This follows similar reductions in other metro cities across India, reported news agency




ANI.

Mumbai will also see a ₹69.50 reduction with the new price set at ₹1,629. In Chennai, the price stands at ₹1,841.50 while in Kolkata the price is ₹1,789.50 after the price cut.

This change in prices of cylinders comes after the previous announcement made on March 1 by oil marketing companies when the rate of 19 kg commercial LPG cylinders was lowered by ₹19. The consecutive cut in price signal a positive trend for businesses grappling with operating costs amid economic challenges. Earlier in April, the prices of 19 kg commercial cylinders and 5 kg FTL (Free Trade LPG) cylinders were slashed by ₹30.50 and ₹7.50, respectively.

Indian Oil Corporation (IOC), Bharat Petroleum Corporation Ltd (BPCL) and Hindustan Petroleum Corporation Ltd (HPCL) revise cooking gas prices on the 1st of every month.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक